प्रेस नोट

जनपद अम्बेडकरनगर

दिनांक 18.03.2025

जनपद अम्बेडकरनगर थाना अहिरौली पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत बाइक शोरुम में मिथ्या रचित चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त अब्दुल्ला अंसारी पुत्र स्व0 करीमुल्ला अंसारी को किया गया गिरफ्तार ।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 15.03.2025 को थाना स्थानीय पर अक्सा ऑटो सेल्स एन्ड सर्विस सेंटर ,अशरफपुर बरवा बाजार थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरगनर से बाइक चोरी की सूचना प्राप्त हुई थी । वादी अब्दुल्ला असांरी पुत्र स्व0 करीमुल्ला अंसारी निवासी ग्राम अशरफपुर बरवा थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर की लिखित तहरीर पर मु0अ0सं0 86/25 धारा 331(4),305(a) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था । घटना के सफल अनावरण हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री केशव कुमार द्वारा उक्त घटना का सफल अनावरण हेतु थाना स्थानीय पर पुलिस टीम गठित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये थे।

जिसके क्रम मे पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर वादी से पूछताछ की गई तो वादी द्वारा बताया गया कि उसके ऊपर काफी कर्ज था जिसके चलते उसने उक्त गाड़ियों के क्लेम का पैसा लेने के उद्देश्य से उक्त पाँच मोटरसाइकिल को अगल-बगल की दुकानों में छिपा दिया था व अपने शोरूम का ताला रात्रि को खुला छोड़ दिया तथा अगली सुबह पुलिस को मिथ्या सूचना देकर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कराया गया जिससे उसको गाड़ियों के क्लेम का पैसा प्राप्त कर सके। पुलिस टीम द्वारा उक्त घटना के अनावरण की विवेचना के क्रम में फर्द बरामदगी व इकबालिया जुर्म के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा- 229, 318(4), 238, बीएनएस तरमीम करते हुए अभियुक्त अंसारी उपरोक्त गिरफ्तार किया गया।

विवरण गिरफ्तार अभियुक्त-

01- अब्दुल्ला असांरी पुत्र स्व0 करीमुल्ला अंसारी निवासी ग्राम अशरफपुर बरवा थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर

विवरण बरामदगी-

01-चार अदद 125 सीसी- बजाज प्लसर रेड-ब्लैक कलर की नई मोटर साइकिल

02-एक अदद 150 सीसी- बजाज प्लसर रेड-ब्लैक कलर की नई मोटर साइकिल

03-तीन अदद बजाज प्लैटिना मोटरसाइकिल।

विवरण पंजीकृत अभियोग

01- मु0अ0सं0 86/25 धारा 331(4),305(a) बीएनएस, तरमीम धारा-229, 318(4), 238, बीएनएस थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर।

02- मु0अ0सं0-199/20 धारा-323, 504, 506 भादवि थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर।

03- एन0सी0आर0-09/17 धारा-323, 504 भादवि थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर।

विवरण गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम-

01-सुनील कुमार पाण्डेय थानाध्यक्ष अहिरौली जनपद अम्बेडकनगर।
02-उ0नि0 रामखिलाड़ी थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकनगर।
02-उ0नि0 सुरेश पाल थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकनगर।
04-हे0का0 बंसीलाल वर्मा थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकनगर।
05-का0 मुस्तफा अंसारी थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकनगर।
06-का0 राघवेन्द्र सिंह थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकनगर।
07-का0 नेपाल सिंह थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकनगर।
08-का0 सोनू चहार थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकनगर।
09 म0का0 उज्ज्वला सिंह थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकनगर।